बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

आदेश

सं0–03/आ01–98/2024अंश'ख'......................../ जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक–1561 दिनांक 21.06.2024 द्वारा किशनगंज जिले में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती गयी अनियमितताओं के प्रतिवेदित आरोप के आलोक में श्री सुरज कुमार झा, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, किशनगंज सम्प्रति सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना को विभागीय संकल्प संख्या–82 दिनांक 01.07.2024 द्वारा निलंबित किया गया।

2. विभागीय संकल्प संख्या–216 दिनांक 13.11.2024 द्वारा श्री सुरज कुमार झा के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17/19 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

3. विभागीय आदेश संख्या–285 दिनांक 30.06.2025 से श्री झा को निलंबन मुक्त करते हुए इनका पदस्थापन सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के पद पर किया गया।

4. श्री सुरज कुमार झा के विरूद्ध संचालित अनुशासनिक कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा इनके विरूद्ध प्रतिवेदित सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया है। तद्नुसार समीक्षापरांत आदेश सं.–318661 दिनांक 10.11.2025 द्वारा श्री सुरज कुमार झा को अनुशासनिक कार्यवाही में आरोप मुक्त करते हुए मामले को समाप्त किया गया।

5. श्री सुरज कुमार झा के निलंबन अवधि (दिनांक–01.07.2024 से दिनांक–29.06.2025) के वेतन–भत्ता एवं सेवा निरूपण के संबंध में निर्णय विचाराधीन था जिसके लिए श्री झा द्वारा अभ्यावेदन दिया गया है।

6. श्री सुरज कुमार झा के निलंबन अवधि के वेतन–भत्ता एवं सेवा निरूपण के संबंध में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा समीक्षा की गई है तथा निम्नवत् निर्णय लिया गया है–

"श्री सुरज कुमार झा, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, किशनगंज सम्प्रति सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के दिनांक–01.07.2024 से दिनांक–29.06.2025 तक की निलंबन अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए कर्तव्य पर बितायी गई अवधि मानी जाएगी" ।

7. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह./
(मनोरंजन कुमार)
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक– सं0–03/आ01–98/2024अंश'ख' I/381024/ पटना, दिनांक–20/03/2026

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सभी निदेशक/प्रबंध निदेशक/परियोजना निदेशक, शिक्षा विभाग/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/ श्री सुरज कुमार झा, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, किशनगंज सम्प्रति सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन)
Date: 17-03-2026 09:41:22